माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुवांरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन—247120)

Website - msuniversity.ac.in   Email ID- registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 17/प्रवेश/msu/2024–25   दिनांक : 24.07.2024

प्रेस विज्ञप्ति

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर के सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित स्नातक स्तर के सभी पाठ्यक्रमों में सत्र 2024–25 में प्रवेश हेतु पूर्व घोषित प्रवेश कार्यक्रम के अनुसार प्रथम ओपन सूची के लिए अभ्यर्थियों द्वारा विश्वविद्यालय पोर्टल पर पंजीकरण करने की तिथि 25.07.2024 है।

अतः प्रवेश के लिये इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वह अपना ऑनलाईन पंजीकरण वेबसाईट https://msuniversity.ac.in दिये गये लिंक पर जाकर कराना सुनिश्चित करें। प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण अनिवार्य है। पंजीकरण कराने के पश्चात अभ्यर्थी इस पंजीकरण का प्रिन्ट/फोटोप्रति एवं सम्बन्धित आवश्यक पत्राजात के साथ पाठ्यक्रम से सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में जिस महाविद्यालय/संस्थान में सीट रिक्त है अभ्यर्थी उसी महाविद्यालय/संस्थान में पंजीकरण फार्म जमा करेगा। अभ्यर्थियों द्वारा महाविद्यालय/संस्थान में विश्वविद्यालय पंजीकरण फार्म समस्त सम्बन्धित प्रमाण–पत्रों की फोटो प्रति के साथ जमा करने की अन्तिम तिथि 03.08.2024 (सांय 05 बजे तक) है । अभ्यर्थी एक से अधिक पाठ्यक्रम/महाविद्यालय में पंजीकरण करा सकता है।

(प्रो० ओमकार सिंह)
प्रवेश समन्वयक
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
एवं
प्राचार्य, गोचर महाविद्यालय, रामपुर मनिहारान, सहारनपुर।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. मा० कुलपति जी को सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी जी को सूचनार्थ।
3. कुलसचिव जी को सूचनार्थ।
4. सहायक प्रवेश समन्वयक को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थान को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. विश्वविद्यालय अधिकृत एजेन्सी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. समस्त स्थानीय प्रेस प्रवक्ताओं को इस आशय से कि वे छात्र हित में अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशित करने हेतु।

(प्रो0 ओमकार सिंह)
प्रवेश समन्वयक